भारत सरकार

भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम मंत्रालय

भारी उद्‌योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3533

जिसका उत्तर सोमवार, 04 अगस्त, 2014 को दिया जाना है

हेवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमिटेड

3533. श्री सुनील कुमार सिंह:

क्या भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमिटेड की वित्तीय स्थिति क्या है और विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान लाभ और हानि का ब्यौरा क्या है;

(ख) एचईसीएल की उत्पादन क्षमता का ब्यौरा क्या है और वर्तमान में उत्पादन हेतु प्राप्त अग्रिम आदेश क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि एचईसीएल को अभी विगत कुछ माहों हेतु अपने कर्मचारियों को वेतन जारी करना है और यदि हां, तो एचईसीएल कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले वेतनों की कुल राशि कितनी है और इसके कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है; और

(घ) इसे कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

उत्तर

भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम राज्य मंत्री

(श्री पोन्. राधाकृष्णन)

(क): कंपनी वर्ष 2006-07 से निवल लाभ अर्जित कर रही है। तथापि, कंपनी पिछले दो वर्षों से ऑर्डरों के लंबे उत्पादन चक्र तथा प्रेषित की गई मदों के लिए आपूर्ति और कमीशन के पूरा हो जाने के पश्चात् भुगतान प्राप्त होने के कारण कार्यशील पूंजी की अत्यधिक कमी का सामना कर रही है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान लाभ नीचे दिए गए अनुसार है:

वर्ष	₹ करोड़
2010-11	38.14
2011-12	8.58
2012-13	20.38

2013-14 के दौरान, झारखण्ड सरकार को परिसंपत्तियों का हस्तांतरण किए जाने से, कंपनी ने ₹299.31 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया।

(ख): एचईसी ने सूचित किया है कि एचईसी की उत्पाद रेंज में इस्पात उत्पादक उपकरण/ इस्पात सेक्टर के लिए सुविधाएं, इस्पात और इंजीनियरी सेक्टर के लिए क्रेन, खनन सेक्टर के लिए एक्सकेवेटर, विभिन्न ग्राहकों के लिए मध्यम/ भारी क्षमता के मशीन टूल तथा इस्पात, इंजीनियरी और रक्षा सेक्टरों के लिए आवश्यक मध्यम/भारी कास्टिंग/फोर्जिंग शामिल हैं। उपकरणों के पुराने पड़ जाने तथा सीमित उत्पाद रेंज के कारण उत्पादन की मात्रा प्रभावित हुई है। दिनांक 30.06.2014 की स्थिति के अनुसार कंपनी के पास ₹1494.99 करोड़ के ऑर्डर हैं।

(ग) और (घ): एचईसी ने सूचित किया है कि वित्तीय कठिनाई के बावजूद, कंपनी प्रत्येक माह देय वेतन का भुगतान कर रही है, तथापि इसमें कुछ दिनों का विलंब हो जाता है। सभी कर्मचारियों को जून, 2014 के लिए 1 जुलाई, 2014 को देय वेतन का भुगतान 2 जुलाई, 2014 कर दिया गया था।

*****